<u>संदेश</u>

गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के पवित्र अवसर पर, मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

सिख समुदाय के नौवें गुरु, श्री तेग बहादुर जी ने लोगों की आस्था, विश्वास एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था। इसलिए, देशवासी उन्हें प्रेम और सम्मानपूर्वक 'हिन्द की चादर' कहते हैं। उनका बलिदान, हम सभी को मानवता की सच्ची सेवा के लिए एकजुट होने की प्रेरणा देता है। गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षा और उनके कार्य हम सभी में मानव-प्रेम और देशभक्ति की भावना का संचार करते रहेंगे।

आइए, इस पवित्र दिवस पर संकल्प करें कि हम अपने विचारों से हिंसा, संकीर्णता और घृणा को समाप्त कर, स्वयं को दूसरों की नि:स्वार्थ सेवा के लिए समर्पित करेंगे तथा प्रेम, सद्भाव एवं करुणा जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देंगे।

*****